आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 22.10.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :—**

- गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट पर्व पर परम्परागत ढंग से विधि—विधान के साथ शीतकाल के छह माह के लिए बंद किए गए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर गौमाता की पूजा—अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण और विकास कार्यों का निरीक्षण किया।
- देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने आपदाग्रस्त क्षेत्र सेरागांव में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुनर्वास कार्यों की ग्राउंड जीरो पर समीक्षा की।

**गंगोत्र कपाट बंद**

उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री धाम के कपाट आज अन्नकूट पर्व पर परम्परागत ढंग से पूर्वाहन 11 बजकर 36 मिनट पर शीतकाल के छह माह के लिए बंद कर दिए गए। इस अवसर पर गंगोत्री धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि कपाट बंद होने के बाद गंगा जी की उत्सव मूर्ति को डोली में बिठाकर मुखवा गांव के लिए रवाना किया गया। गंगा जी की उत्सव प्रतिमा गंगा मंदिर में शीतकाल में विराजमान रहेंगी, जहां श्रद्धालु शीतकाल में दर्शन—पूजन कर सकेंगे।

अहमदाबाद से आई श्रद्धालु ने कहा कि कपाट बंद होने के अवसर पर उन्हें दिव्य अनुभव प्राप्त हुआ। वहीं, यमुनोत्री धाम के कपाट भी कल भैय्या दूज के पर्व पर अपराह्न 12 बजकर 30 मिनट पर बंद किए जाएंगे। इस यात्राकाल में अब तक गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में 14 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए।

## गोवर्धन पूजा

प्रदेश में आज धार्मिक उत्साह और भक्ति के साथ गोवर्धन पूजा की जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित गौशाला में गौमाता की पूजा–अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और जन कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति संरक्षण, मनुष्यों एवं जानवरों के बीच के प्रेम को दर्षाता है। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं, संस्कृति और प्र्यावरण के प्रति संवेदनशील बने रहने का भी संदेष देता है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा मिला है। गौमाता सनातन संस्कृति और कृषि जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उनकी सेवा और संरक्षण, हमारे जीवन को आगे बढ़ाता है। कई परिवारों का भरण–पोशण गाय पालन और गो–सेवा से होता है। गौ–संवर्धन धार्मिक भावनाओं से जुड़े होने के साथ ही आजीविका और आत्मनिर्भरता से भी जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की, कि सभी मिलकर गायों की सेवा, सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा राज्य सरकार निराश्रित गोवंश्ज्ञ के लिए गौ सदनों के निर्माण और संचालन को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में करीब 54 गौ सदनों का निर्माण कार्य जारी है और आगे भी प्रदेश सरकार गौ संरक्षण के लिए कार्य करती रहेगी।

## नगर निगम देहरादून

देहरादून नगर निगम ने दीपावली, छठ पूजा और अन्य त्योहारों के मद्देनजर पूरे शहर में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया है। पिछले 10 दिनों में लगभग 702 टन से अधिक अतिरिक्त कचरा नगर निगम क्षेत्र से इकट्ठा कर शीशमबाड़ा स्टेशन और प्रोसेसिंग प्लांट तक पहुंचाया गया है। इस दौरान शहर से रोजाना 100 से 150 टन अतिरिक्त कचरा उठाया जा रहा है। सभी कूड़ा संग्रहण वाहनों को अतिरिक्त ईंधन उपलब्ध कराया गया है, ताकि वार्डों में अतिरिक्त ट्रिप लगाकर उत्पन्न कचरे का समय पर निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। नगर निगम का यह विशेष स्वच्छता अभियान छठ पूजा तक लगातार जारी रहेगा, ताकि देहरादून शहर स्वच्छता के क्षेत्र में एक आदर्श उदाहरण पेश कर सके।

## मुख्य सचिव केदारनाथ

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज केदारनाथ धाम में भगवान बाबा केदारनाथ के दर्शन किए और धाम परिसर में चल रहे पुनर्निर्माण और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने धाम क्षेत्र में विभिन्न चरणों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और कार्य निष्पादन की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी प्रतीक जैन से धाम में चल रहे सभी कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सौंदर्य और धार्मिक आस्था का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने धाम क्षेत्र में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की सराहना की। मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल भौतिक निर्माण नहीं, बल्कि आस्था और सुविधा का संतुलित संगम सुनिश्चित करना है, ताकि श्रद्धालुओं को एक पवित्र, सुरक्षित और दिव्य अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि कल केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि आगामी यात्रा सीजन शुरू होने से पहले धाम में सभी पुनर्निर्माण और विकास कार्य पूरे कर लिए जाएं।

## जिलाधिकारी समीक्षा

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने सहस्त्रधारा के आपदाग्रस्त क्षेत्र सेरागांव में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुनर्वास कार्यों की ग्राउंड जीरो पर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित स्थानीय निवासियों, क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विस्तारपूर्वक निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्लीगाड– मजाड़ क्षेत्र के विस्थापन के लिए उच्च स्तरीय टीम द्वारा जीयोलाजिकल सर्वे कराया जाएगा। जिसमें वाडिया इंस्टीट्यूट, आईआईटी रूड़की आदि विशेषज्ञों तकनीकि टीम से प्राप्त विशलेषण रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए आपदाग्रस्त क्षेत्र में जीवन पूरी तरह सामान्य होने तक विभागों के अधिकारी क्षेत्र में ही प्रवास करेंगे। प्रभावित परिवारों की ओर से मकान किराया बाजार दर पर दिए जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

## वीरता पुरस्कार अधिसूचना

सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर सहित विभिन्न अभियानों के दौरान अदम्य साहसिक कार्यों के लिए रक्षा कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रशस्ति पत्र प्रदान करने लिए राजपत्र अधिसूचना जारी की है। राजपत्र में शामिल प्रशस्ति पत्र वायु सेना और थल सेना के कर्मियों के लिए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों के लिए 127 वीरता पुरस्कारों और 40 विशिष्ट सेवा पुरस्कारों को मंजूरी दी थी।